


नवभारत
इंदौर, गुरूवार, 8 जनवरी 2026




एक नजर में

## ग्राम आम्बुआ में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी, जिला प्रशासन ने दिखाई सख्ती



**आलीराजपुर** । कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी श्री तपीस पांडे और तहसीलदार सुश्री मंजू डावर द्वारा आम्बुआ क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया गया था साथ ही पूर्व में ही डोडी पिटवा कर सूचना दी गई थी,जिसमें उन्हें स्वयं अपने स्तर पर अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। सूचना के बाद कुछ जागरूक नागरिकों ने प्रशासन का सहयोग करते हुए स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लिया। वहीं, जिन नागरिकों द्वारा निर्धारित समयावधि में अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया गया, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अनुविभागीय अधिकारी श्री तपीस पांडे के नेतृत्व में राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल भी मौजूद रहा। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफ सख्ती, पतंग दुकानों का औचक निरीक्षण



**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर द्वारा सभी अधिकारियों को अपने अपने कार्यक्षेत्र में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरीक्षण कर जांच करने के निर्देश दिए गए है। इसी के तहत आलीराजपुर तहसीलदार सविता राठी ने नगर में पतंग विक्रय दुकानों का निरीक्षण किया। वहीं जोबट नगर में तहसीलदार सुनील राणा एवं नगर पालिका अधिकारियों ने अपने कार्यक्षेत्र में स्थित पतंग विक्रय की दुकानों का निरीक्षण किया गया। साथ ही उदयगढ़ और कट्ठीवाड़ा नगर में भी राजस्व अधिकारियों द्वारा पतंग विक्रय दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानों में उपलब्ध मांझे की गहन जांच की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से दुकानदारों को प्रतिबंधित चाइनीज मांझा न बेचने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी भी दी गई। विदित हो कि जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर द्वारा जिले की राजस्व सीमा में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता,2023 की धारा 163(1) के तहत चाइना मेड नायलॉन डोर के क्रय विक्रय पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया गया है। जिला प्रशासन ने दुकानदारों से अपील की कि वे जनहित एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केवल वैध और सुरक्षित सामग्री का ही विक्रय करें।

## विशेष कैम्प लगाकर पात्र युवाओं को मतदाता सूची में किया जाएगा शामिल

**आलीराजपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देशन में जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 191 आलीराजपुर एवं 192 जोबट अंतर्गत आने वाले शासकीय महाविद्यालयों तथा शासकीय/अर्द्धशासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत पात्र युवाओं को मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि पर पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के उद्देश्य से विद्यालय स्तर पर 09 जनवरी एवं 10 जनवरी 2026 को विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नोडल अधिकारी एवं बी.एल.ओ. सुपरवाइजरों को निर्धारित प्रारूप में जानकारी भेजने एवं आवश्यक कार्यवाही संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं। शैक्षणिक संस्था के नोडल अधिकारी 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं का चिन्हांकन कर यथासंभव श्चष्ट्ठ ह्लद्दह्ल श्च्श्च एवं 1श्चह्लद्दह्ल्य.द्गष्ठ्.द्ग्श1.द्बठ्ठ पोर्टल के माध्यम से फार्म-6 घोषणा पत्र को प्राथमिकता से भरवा कर उसकी रिपोर्ट ड्ढद्यश्र सुपरवाइजर के माध्यम से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रस्तुत कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही नियत तिथियों में हाट-बाजारों एवं मजरे-टोलों में भी विशेष कैम्प आयोजित कर पात्र युवाओं को मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना है।

## जोबट एवं उदयगढ़ में संचालित समस्त उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं की समीक्षा बैठक

**आलीराजपुर,** । उपभोक्ताओं तक खाद्यान्न की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने, दुकानों के नियमित एवं नियमानुसार संचालन तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से जोबट अनुभाग स्तर पर उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) वीरेंद्र सिंह बघेल की अध्यक्षता में यह बैठक अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जोबट एवं उदयगढ़ विकासखंड में संचालित समस्त उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं ने सहभागिता की ।बैठक के दौरान खाद्यान्न वितरण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही नवीन परिवारों की ई-केवाईसी की प्रगति की जानकारी ली गई। एसडीएम द्वारा माह दिसंबर 2025 में जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक खाद्यान्न प्राप्त नहीं किया है, उनकी शेष सूची की भी विस्तृत समीक्षा की गई ।अनुविभागीय अधिकारी श्री बघेल ने विक्रेताओं को निर्देशित किया कि सभी पात्र उपभोक्ताओं को समय पर खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता न हो।

# गल चैत्य की स्थापना 8 को , घर-घर विराजित होंगे प्रभु पार्श्वनाथजी

- इस युग के महान तपस्वी थे आचार्य नवरत्नसागर सूरीश्वरजी : प्रन्यास प्रवर योगरुचि विजयजी मसा
- आचार्य नवरत्नसागर सूरीश्वरजी मसा की 10वीं पुण्यतिथि जप-तप के साथ मनाई गई



**झाबुआ। स्थानीय जैन तीर्थ श्री ऋषभदेव बावन जिनालय में 7 जनवरी, बुधवार को मालवा भूषण आचार्य भगवंत श्री नवरत्न सागर सूरीश्वरजी मसा की 10वीं पुण्यतिथि आचार्य श्री जिनसुंदर सूरीश्वरजी मसा के शिष्यरत्न प्रन्यास प्रवर श्री योगरुचि विजयजी मसा के पावन सानिध्य में जप-तप के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बावन जिनालय में प्रात: श्री संघ की ओर से गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया। दोपहर में लक्ष्मीनगर स्थित सद्गुरु गौशाला में गौमाताओं को आहार करवाया गया एवं पोषध शाला में सामूहिक सामायिक तथा गुरूदेव के जाप किए गए।**

जानकारी देते हुए श्री संघ मीडिया प्रभारी रिंकू रूनवाल ने बताया कि आचार्य श्री नवरत्नसागर सूरीश्वरजी मसा की 10वीं पुण्यतिथि पर बावन जिनालय उपाश्रय से सुबह 9.30 बजे से पपू प्रन्यास प्रवर श्री योगरुचि विजयजी मा.मसा के सानिध्य में श्रीसंघ के वरिष्ठजनों ने सर्वप्रथम आचार्यश्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर माल्यार्पण किया। श्रावकरत्न धर्मचंद मेहता ने गुरुवंदन की विधि करवाई। पूज्य प्रन्यास प्रवरश्री ने गुणानुवाद सभा में आचार्यश्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आचार्य भगवंत इस युग के महान साधक एवं तपस्वी रत्न थे। उन्हें आयम्बिल का तप सबसे प्रिय था एवं सदा नवकार मंत्र के जाप में लीन रहते थे। आप अपने संयम चारित्र में चुस्त एवं कठोर पालन करने वाले आचार्य थे। आपके सानिध्य में श्री भौपावर तीर्थ, अमीझरा तीर्थ ऐसे सैकड़ों तीर्थों का जीर्णोद्धार कार्य संपन्न हुआ। प्रन्यास प्रवर ने अपने प्रवचन में प्रभु भक्ति की महत्ता के बारे में बताते हुए कहा कि बहुत सारे लोगों को अपने शरीर की शक्ति के ऊपर विश्वास होता है, याने मसल्स पावर जोरदार है, तो काम हो जाएगा। कितने लोगों को अपने माउथ पावर पे विश्वास है कि मेरी बोलने की अदा-छटा ऐसी है कि दूसरों को डिब्बे में उतार लूंगा और कितने ही लोगों को अपने मंन्टल पावर पर विश्वास होता है, पर ये मसल्स पावर, माउथ पावर और मेंटल पावर तो अनिश्चित है, कभी भी शरीर बिगड़ जाए, जबान बंद हो जाए और मन खराब हो जाए तो यह अनिश्चित है। परंतु चौथा एक पावर है, जो हमेशा रहने वाला है और वह मास्टर पावर यानी कि प्रभु एवं प्रभु की भक्ति से बंधा हुआ फ्रेश पुण्य हमेशा साथ रहेगा। वह रेत में भी अपनी नाव चला देगा, इसलिए दिन रात प्रभु भक्ति एवं आराधना में लीन रहना चाहिए। प्रवचन पश्चात् बाबूलाल हरनाथमल कोठारी परिवार की ओर से संघ पूजा की गई। इस अवसर पर श्रीसंघ के कांतिलाल पगारिया, हस्तीमल संघवी, प्रवीण रूनवाल, मनोहर मोदी, महेंद्र मुथा अनिल रूनवाल, राकेश गोखरू, अरिष्ट देशलहरा, निखिल भंडारी, रचित कटारिया आदि बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### सामूहिक सामायिक एवं जाप का आयोजन हुआ

दोपहर 1 बजे सद्गुरु गौशाला में स्व. सुभद्रादेवी वीरेन्द्र शशांक संघवी परिवार की ओर से गौमाताओं को आहार करवाया गया। इस अवसर पर श्री संघ के हेमेन्द्र संघवी, रीतेश कोठारी, केयूर चौरड़िया, रिंकू रुनवाल, आरजू अलका आगम जैन, शशांक संघवी आदि उपस्थित थे। दोपहर में सामूहिक सामायिक का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्राविकाएं उपस्थित थीं। गुरुदेव के सामूहिक जाप कर उन्हें भावांजलि अर्पित की गई। सामूहिक जाप का आयोजन धर्मचंदजी ज्ञानचंदी मेहता परिवार एवं हरनाथमल बाबूलाल कोठारी परिवार, शशांक वीरेन्द्र संघवी परिवार एवं आनंद अर्पित चौधरी परिवार की ओर से किया गया।

# श्री खाटू श्याम संकिर्तन में जमकर झूमे भक्तजन

- श्री मंगलेश्वर महादेव सेवा समिति ने मेघनगर नाका पर श्री खाटू श्यामजी की भजन संध्या का किया आयोजन



**झाबुआ।** शहर के मेघनगर नाका स्थित श्री मंगलेश्वर महादेव मंदिर पर श्री मंगलेश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा श्री खाटू श्याम संकिर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें समुधर संगीतमय भजनों की प्रस्तुति श्री सिद्धी विनायक म्यूजिकल आर्केस्ट्रा द्वारा दी गई। वहीं इस दौरान राजगढ़ से पधारी भजन गायिका हितांशी सोलंकी ने भी समधुर भजनों से समां बांधा।

प्रारंभ में श्री खाटू श्यामजी की सुंदर झांकी सजाकर अखंड ज्योत प्रज्जवलित की गई। खाटू श्याम भगवान के सम्मुख मूरली मनोहर भगवान श्रीकृष्ण, श्री सांवरिया सेठ, श्री कष्टभंजनदेव हनुमानजी महाराज की सुंदर तस्वीर विराजमान कर पूजन की गई। भगवान को छप्पन भोग अर्पण किया गया। बाद श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से श्री खाटू श्याम प्रभु के दर्शन कर अखंड ज्योत में आहूति प्रदान की। श्री मंगलेश्वर महादेव सेवा समिति एवं करने वाला श्याम, करवाने वाल श्याम परिवार की ओर से वरिष्ठ कैलाश पंचाल, देवेन्द्र पंचाल, राजेन्द्र शर्मा, सचिन राठौर, मयूर पवार, हेमंत राठौड़, समरसिंह पवार, चंद्रपाल राठौर, गोपाल राठौड़ आदि ने श्री सिद्धी विनायक म्यूजिकल आर्केस्टा पार्टी के युवा भजन गायक विरेन्द्रसिंह चौहान, अभिषेक चतुर्वेदी, तन्मय नागर, गौरव नीमा आदि का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम का संचालन भरत व्यास ने किया।

### समधुर भजनों का भक्तों ने लिया आनंद

युवा भजन गायकों ने श्री खाटू श्याम बाबा के 'किर्तन की है रात ... बाबा आज थने आनो है ..., खाटू श्याम तेरे दर पर आया ..., ओ मेरे खाटू श्याम, मै नित तुझे पूजू ...., चलो बुलावा आया है ... खाटू श्याम ने बुलाया है ... आदि भजन प्रस्तुत किए गए। जिस पर उपस्थित भक्तजनों ने तालियां बजाकर जमकर आनंद लिया। समधुर भजनों पर महिला-पुरूषों और युवाओं ने नृत्य भी किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में समाजसेवी अशोक शर्मा, अजय रामावत, हरिश शाह 'लालाभाई' ने भी उपस्थित रहकर भजनों का आनंद लिया। सभी भक्तजनों ने उत्साहपूर्वक श्री खाटू श्यामजी के जयघोष भी लगाए। आयोजन में श्री मंगलेश्वर महादेव सेवा समिति के सदस्य और मातृ शक्तियां एक जैसे ड्रेस कोड में नजर आई। सभी के लिए स्वल्पाहार के रूप में पोहा-चाय की व्यवस्था आयोजक मंगलेश्वर महादेव सेवा समिति की ओर से की गई।



## प्राचीन श्री अंबे माता मंदिर पर मातारानी का प्राकट्योत्सव मनाया

**झाबुआ।** शहर के कॉलेज मार्ग स्थित प्राचीन श्री अंबे माता मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महादुर्गाजी का प्राकट्योत्सव धूमधाम से आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। मंदिर में दिनभर भक्तों की दर्शन-पूजन के लिए भीड़ रहीं। संध्याकाल मंदिर को सुंदर रूप से सजाकर मातारानी को छप्पन भोग अर्पण किया गया। बाद महाआरती एवं महाप्रसादी (भंडारे) का आयोजन हुआ। सभी आयोजन त्रिवेणी परिवार द्वारा किए गए।

जानकारी देते हुए मंदिर के सेवक पं. विजय शर्मा ने बताया कि प्रात:काल मातारानी का सुंदर श्रृंगार कर चोला चढ़ाया गया। प्रात: माताजी की विशेष आरती-प्रसादी बाद संध्याकाल पूरे मंदिर को पुष्पमालाओं एवं विद्युत रोशनी से चकाचौंध किया गया। संध्याकाल 7 बजे मातारानी की प्रतिमा के सम्मुख छप्पन भोग अर्पण किए गए।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में खनिज ब्लॉक को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक

**आलीराजपुर।** खनिज ब्लॉकों के संबंध में शासन द्वारा गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति सदस्य के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत आलीराजपुर, एसडीएम जोबट, एसडीएम चन्द्रशेखर आज़ाद नगर, अधीक्षक भू-अभिलेख, जल संसाधन विभाग के प्रमुख प्रतिनिधि, लोक निर्माण विभाग (क्कङ्खष्ठ) के प्रमुख प्रतिनिधि एवं जिला खनिज अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान खनिज ब्लॉक की प्रक्रिया किए जाने के संबंध में शासन के दिशा-निर्देशों पर विस्तृत चर्चा की गई। खनिज ब्लॉक की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं नियमानुसार संपन्न करने हेतु आवश्यक बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। समिति सदस्यों द्वारा अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए गए। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप ही आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करे।

## खैर लकड़ी के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन सहित गिरफ्तार

**झाबुआ,** । वन विभाग ने खैर लकड़ी के अवैध परिवहन के एक मामले में वाहन सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

07 जनवरी 2026 को तड़के लगभग 04:00 बजे मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर बीटगार्ड पेटलावद द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी पेटलावद को खैर लकड़ी के अवैध परिवहन की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी पेटलावद द्वारा तत्काल वन अमले का गश्ती एवं चेकिंग दल गठित कर बीट पेटलावद क्षेत्र में भेजा गया ।गश्ती दल द्वारा बावड़ी-पेटलावद पक्का मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान



सुबह लगभग 05:25 बजे बावड़ी की ओर से आती एक महेन्द्रा बोलेरो पिकअप को रोका गया। वाहन का पंजीयन क्रमांक स्त्न45 ँस्र 3048 पाया गया। जांच के दौरान पिकअप में खैर प्रजाति की गीली लकड़ी (कुल 110 नग) भरी हुई पाई गई।

वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम आदिल पिता जरीन खान, निवासी अंतराय, पोस्ट खैरोद, तहसील एवं जिला धार बताया।

चालक द्वारा खैर वनोपज के परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज अथवा परिवहन अनुज्ञा पत्र प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

वनमंडलाधिकारी झाबुआ अमित वसंत निकम एवं उपवनमंडलाधिकारी झाबुआ श्री एस.एल. यादव के मार्गदर्शन में उक्त वाहन को जब्त कर भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं मध्यप्रदेश अभिवहन (वनोपज) नियम 2022 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत मौके पर ही वन अपराध प्रकरण क्रमांक 2097/02 दिनांक 07/01/2026 पंजीबद्ध किया गया।

एक नजर में | बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी हेतु

# कलेक्टर ने 10वीं -12वीं की रेमेडियल कक्षाओं का किया निरीक्षण

**झाबुआ, 07 जनवरी 2026। आगामी बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के शैक्षणिक परिणामों में सुधार एवं उनकी प्रभावी तैयारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर नेहा मीना द्वारा जिले के शासकीय विद्यालयों में संचालित रेमेडियल कक्षाओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर ने आज सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, झाबुआ में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की रेमेडियल कक्षाओं का औचक निरीक्षण किया।**



उल्लेखनीय है कि विगत दिनों कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को सुदृढ़ बनाने हेतु जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में विषयवार रेमेडियल कक्षाएं नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए थे। इन निर्देशों के परिपालन में विद्यालय स्तर पर निरंतर अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक कमजोरियों की पहचान कर उन्हें दूर करना है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कक्षाओं की नियमितता, अध्यापन व्यवस्था तथा विद्यार्थियों की सहभागिता का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के समय कलेक्टर ने कक्षा 12वीं की गणित विषय की रेमेडियल कक्षा में उपस्थित होकर शिक्षण प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से विषय की तैयारी के संबंध में संवाद किया। इसके अतिरिक्त प्री-बोर्ड परीक्षाओं के अंतर्गत आज आयोजित हिन्दी विषय के प्रश्न पत्र को लेकर छात्र-छात्राओं से चर्चा की गई एवं उनके द्वारा दिए गए उत्तरों की समझ और प्रस्तुति के बारे में जानकारी ली गई। इसी प्रकार कलेक्टर ने कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों की इलेक्टिव विषय आईटी (ढ्ढञ्ज) की रेमेडियल कक्षा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक विज्ञान विषय के प्रश्न पत्र के संबंध में विद्यार्थियों से चर्चा कर उत्तर लेखन की पद्धति, तथ्यों की स्पष्टता एवं समय प्रबंधन के विषय में आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं जीवन का महत्वपूर्ण चरण होती हैं, किंतु इन्हें तनाव का कारण न बनाएं। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन, विषय की गहन समझ और निरंतर अभ्यास से सफलता सुनिश्चित की जा सकती है। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को मॉडल प्रश्न पत्रों एवं मॉडल उत्तरों के माध्यम से अभ्यास करने तथा परीक्षा के दौरान उत्तर लिखते समय समय का संतुलित उपयोग करने की सलाह दी, ताकि कोई भी प्रश्न अनुत्तरित न रहे।

कलेक्टर ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ मानसिक तनाव से दूर रहना भी उतना ही आवश्यक है। इसके लिए विद्यार्थियों को प्रतिदिन 10 से 15 मिनट अपनी रुचि के अनुसार परिवार के सदस्यों से संवाद करने, संगीत सुनने अथवा अन्य रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न होने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने नियमित रूप से मेडिटेशन करने पर बल देते हुए कहा कि इससे एकाग्रता बढ़ती है, आत्मविश्वास मजबूत होता है तथा तनाव में कमी आती है। निरीक्षण के अंत में कलेक्टर ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया तथा शिक्षकों से भी अपेक्षा की कि वे विद्यार्थियों का सतत मार्गदर्शन कर उनकी शैक्षणिक क्षमताओं को और बेहतर बनाएं। इस दौरान सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती सुप्रिया बिसेन, बीईओ श्री जय बैरागी, प्राचार्य श्री हरीश कुंडल एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी, शिक्षक उपस्थित रहे।